Date: **May 16th, 2018**

To
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai- 400001

Scrip Code- 541019

To
National Stock Exchange of India Ltd
Exchange Plaza, C-1,Block G,
Bandra Kurla Complex,
Mumbai- 400051

Scrip Code- HGINFRA

Sub- **Notice of Board Meeting- Publication in Newspaper (Regulation 47) SEBI LODR.**

This Letter is in continuation of our letter dated **May 16th, 2018** vide which date of Board Meeting to approve the Standalone & Consolidated Audited Financial Results of the Company for the quarter and year ended on March 31, 2018 was conveyed.

The Exchange is now informed that notice to this effect has been published in Business Standard Newspaper (English Edition) and Danik Navjyoti (Hindi Edition) on 16.05.2018.Scan copy of Which is Enclosed.

This is in Compliance of Regulation 47 of SEBI (LODR) Regulations 2015.

You are requested to take the same on record.

For H.G. Infra Engineering Limited

H.G. Infra Engineering Limited
III Floor
Sheel Mohar
Plaza
A-1 Tilak Marg
C-Scheme

Ankita Mehra
Company Secretary & Compliance Officer
For further queries in this regard, kindly contact below:
Contact Number: +91 141-4106040-41
Email Id: cs@hginfra.com,

जोधपुर, जयपुर, अजमेर, कोटा और उदयपुर से प्रकाशित
@DailyNavajyoti @DainikNavajyotiNews feedback@dainiknavajyoti.com

दैनिक नवज्योति

राष्ट्रीय

प्रथम उदोष, शुक्ल पक्ष, भाद्रपद
संवत 2075
संस्थापक : स्व. कप्तान दुर्गाप्रसाद चौधरी

81
जोधपुर
बुधवार, 16 मई, 2018
dainiknavajyoti.com

इंडिया गेट से

कर्नाटक में पेंच

डिवेश गर्ग

तो मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के सारे दावों के उलट भाजपा कर्नाटक विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी। सिद्धारमैया के अब तक के कॉन्फिडेंस से लग रहा था कि वे अपके 36 साल का इतिहास बदल डालेंगे। पर शायद यह उनका ओवर कॉन्फिडेंस था। कांग्रेस की टैली महज 78 सीटों पर लटक गई। वैसे दावे तो भाजपा के भी सही नहीं साबित हुए। भाजपा के रणनीतिकार कम से कम 130 सीटों का दावा कर रहे थे। पर उनकी गाड़ी 104 पर ही अटकी नजर आ रही है। फिलहाल, बहुमत से 8 सीटें कम। यानी फाइनल लाइन टच नहीं कर सकी। फिर भी भाजपा के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार वीएस येदियुरप्पा ने राज्यपाल से मुलाकात कर सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। दावा तो जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने भी पेश किया है, क्योंकि कांग्रेस ने अपनी सरकार बनने की कोई नौबत न देखते हुए जेडीएस के नेतृत्व वाली सरकार को बिना शर्त समर्थन देने का ऐलान कर दिया है, जिसे खैर किसी ऐरी के कुमारस्वामी ने स्वीकार भी कर लिया है। कुल मिलाकर भाजपा और कांग्रेस दोनों की गाड़ी मझधार में फंस गई और कल तक किंगमेकर कहे जाने वाले एचडी कुमारस्वामी के किस्मत की सुई बेजी से घूमी और उनके हो सिर ताज सजता नजर आने लगा है। फिलहाल, गेंद राज्यपाल वजुभाई वाला के पाले में है, सबकी नजरें अब उनके ही फैसले पर अटकी हैं। वे जो भी फैसला लें, कर्नाटक विधानसभा के नतीजों का लब्बोलुआब यह है कि सूबे में एक बार फिर से गठबंधन और तोड़जोड़ की सियासत शुरू हो चुकी है। अगर राज्यपाल कांग्रेस के समर्थक के बरक्स कुमारस्वामी को सरकार बनाने का मौका देते हैं तो सूबे में उनकी अगुवाई वाली यह दूसरी सरकार होगी। इससे पहले साल 2004 के चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनने के बाद कांग्रेस ने धरम सिंह को सदारत में जेडीएस के साथ मिलकर गठबंधन सरकार बनाई थी। पर यह गठबंधन अधिक समय तक नहीं चल सका और जेडीएस सरकार से बाहर हो गई। तब भाजपा ने मौके का फायदा उठाया। उसने जेडीएस को समर्थन देकर बारी-बारी से सत्ता का बंटवारा तय किया। पहले बारी कुमारस्वामी को मिली। यह तकरीबन डेढ़ साल मुख्यमंत्री भी रहे। पर जब 2007 में बारी भाजपा की आयी और येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री बनना था, तो कुमारस्वामी ने इन वक्त पर करार तोड़ दिया। और उसके बाद 2008 के चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सूबे में सरकार बनी। भाजपा के रणनीतिकारों को उम्मीद थी कि अबके भी ऐसा ही होगा। पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष अमित शाह की तमाम कोशिशों के बाद भी भाजपा कर्नाटक में फिनिशिंग टच नहीं दे पाई। सरकार बनाने

सीएम व केन्द्रीय नेतृत्व मिलकर तय करेंगे प्रदेशाध्यक्ष : सैनी

स्पूरो/नवज्योति, जयपुर

कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने कहा है कि भाजपा को नया प्रदेशाध्यक्ष जल्द मिलेगा। सीएम वसुन्धरा राजे और पार्टी का केन्द्रीय नेतृत्व जल्द मिलकर नए प्रदेशाध्यक्ष का नाम तय करेंगे। सैनी ने सोमवार को भाजपा ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कर्नाटक चुनाव में भाजपा के सबसे बड़ी पार्टी के रूप में जीत हासिल करने को लेकर कहा कि राजस्थान में भी आगामी चुनावों में जनता सरकार के गांव-ढाणी तक हुए कामों को देखते हुए फिर से भाजपा की सरकार बनाएगी और सीएम वसुन्धरा राजे की लीडरशिप में फिर से सरकार बनेगी। भाजपा के कोटा की लाडपुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक भवानी सिंह राजावत के राजपूत समाज को लेकर दिए बयान पर कहा कि भाजपा किसी एक जाति विशेष पर नहीं चलती है। ये उनकी निजी राय हो सकती है। भाजपा जातिवाद पर विश्वास नहीं करती है। उन्होंने अप्रत्यक्षतः राजावत को सीख देते हुए कहा कि कोई कितना ही बड़ा नेता क्यों ना हो, उसे संयमित भाषा का उपयोग करना चाहिए।



मेघवाल-गुर्जल में कहासुनी चिंताजनक, मिल बैठकर करेंगे बात: सैनी

सैनी की मौजूदगी में कोटा की रामगंजमंडी विधायक चन्द्रकांता मेघवाल और कोटा उत्तर विधायक प्रहलाद गुंजल के बीच हुई तनातनी को लेकर सैनी ने कहा कि हालांकि दोनों के बीच कोई मतभेद नहीं है। बैठक में केवल आपसी विकास के कामों को लेकर लड़ाई हुई थी। कहासुनी चिंताजनक है लेकिन मिल-बैठकर बात करेंगे।

कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की जीत का जश्न जोधपुर में भी मनाया। जालोरी गेट पर पटाखे छोड़े गए और मिठाइयां बांटी गई। -नवज्योति

पटियाला रोडरेज मामले में सिद्धू बरी

केवल चोट पहुंचाने का दोषी ठहराया

एक हजार रुपए जुर्माना लगाया

स्पूरो/नवज्योति/नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने 30 साल पुराने पटियाला रोडरेज मामले में पंजाब के कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू को गैर-इरादतन हत्या के आरोप से मंगलवार को बरी कर दिया। न्यायमूर्ति जस्ती चेलमेश्वर और न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की पीठ ने 1988 के इस मामले में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ■ शेष पेज-9



पहले से कोई दुश्मनी नहीं थी

न्यायमूर्ति चेलमेश्वर ने खंडपीठ की ओर से 46 पन्नों के फैसले में लिखा है, एक तो यह मामला 30 साल पुराना है, दूसरा आरोपी और मृतक के बीच न तो पहले से कोई दुश्मनी थी, न ही इस घटना में किसी हथियार का इस्तेमाल किया गया। इन तथ्यों की पृष्ठभूमि में हमारा मानना है कि (सिद्धू पर) एक हजार रुपए का जुर्माना व्यावहारिक होगा।

यह है प्रावधान : आईपीसी की धारा 323 के तहत दोषी व्यक्ति के लिए अधिकतम सजा की अवधि एक साल अथवा अधिकतम जुर्माना 1000 रुपए अथवा दोनों है। न्यायालय ने इस इस धारा के तहत सिद्धू को दोषी ठहराते हुए केवल आर्थिक जुर्माना किया है।

व्यापारियों से वसूल होगा चीनी पर मंडी टैक्स

वर्ष 2012 से बाकी है टैक्स, करोड़ों हैं बकाया

स्पूरो/नवज्योति, जयपुर।

प्रदेश में सरकार की ओर से जल्द ही चीनी व्यापारियों से मंडी टैक्स वसूला जाएगा। अब तक मामला कोर्ट में होने के कारण वर्ष 2012 से मंडी टैक्स नहीं लिया जा रहा था। कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने सोमवार को भाजपा ऑफिस में पत्रकार यात्रा के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने चीनी व्यापारियों के टैक्स के मामले में स्टे किया था, लेकिन अब कोर्ट की हरी झंडी मिलने के बाद उस टैक्स की वसूली होगी। यह टैक्स करोड़ों में है। कोर्ट ने तब सभी व्यापारियों को चीनी पर टैक्स की राशि का हिसाब रखने के लिए कहा था, लेकिन कई व्यापारियों ने इसका हिसाब नहीं रखा है। ■ शेष पेज-9

चितरंजन रेल इंजन कारखाना

खुली ई-निविदा

संख्या : पीसीएमएम/सीआरजे/ पीएमपी/ ई-निविदा/18/21 दिनांक 15/05/2018। निम्नलिखित ई-निविदाओं को लिंक www.ireps.gov.in. के तहत देखा जा सकता है। इस प्रकार की ई-निविदा के लिए प्रस्ताव केवल www.ireps.gov.in → login → E-Tender Goods and Service की एक्सेस करके केवल इलेक्ट्रानिकली प्रस्तुत किए जाएंगे। विक्रेता किसी भी प्रकार की किसी विशेष निविदा से संबंधित पंजीकरण प्राप्त करने के लिए या आईआरईपीएस से संबंधित सूचना प्राप्त करने के लिए, उप सीएमएम/एचआर/सीएलडब्ल्यू/चितरंजन से 0341-2525594 या एसएमएम/कॉम/एमएमए से 0341-2535631 पर संपर्क कर सकते हैं। क्रम संख्या : निविदा संख्या, मदों का संक्षिप्त विवरण, मात्रा, टीडीएस (एफए मी), ईएमडी (एफए मी), निविदा बंद होने की तिथि एवं समय (आईएसटी) :

(1); 91190893; स्टार एंड स्ट्रिप (शीएनसी मशीनस्), डैमाजरी नंबर : टीडब्ल्यूडी.097.013 एएलटी-3 संदर्भ-1, विनिर्देशन संख्या: 4टीएमएस.096.068 आरडी-1 एएलटी-4, एसटीआर संख्या सीएलडब्ल्यू/टीएम/18109 आरईवी.0,360000 नंबर; 00.00; 96500.00; 20/06/2018, 11:00 पूर्वाह्न; (2); 70190068; डब्ल्यूएपी3 विद्युत लोकोमोटिव के लिए 3 फेज अनुनादकालिक ट्रैक्शन मोटर (इएएमएसएम06). विनिर्देशन 4टीएमएस.097.001. एएलटी-5.62 नंबर; 00.00;1000000.00; 18/06/2018, 11:00 पूर्वाह्न

प्रबंधक मुख्य सामग्री प्रबंधक
Alakananda-063 सीएलडब्ल्यू/चितरंजन

कर्नाटक : देर रात कांग्रेस-जेडीएस की बैठक

बेंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा चुनावों के परिणाम आने के बाद भाजपा और जनता दल (एस) तथा कांग्रेस ने सरकार बनाने का दावा किया है। इस बीच बेंगलुरु में देर रात कांग्रेस और जेडीएस नेता की मेगा बैठक चल हुई। भाजपा ने भी अपने हिसाब से तैयारियां शुरू कर दी हैं। बेंगलुरु के अशोक होटल में कांग्रेस और जेडीएस के नेताओं की अहम बैठक हुई। इस बैठक में पूर्व पीएम देवगौड़ा और उनके बेटे कुमारस्वामी के साथ कांग्रेस के सिद्धारमैया, गुलाम नबी आजाद, मल्लिकार्जुन खड़गे, डीके शिवकुमार मौजूद रहे।

अब आगे क्या — गेंद राज्यपाल के पाले में

सबसे बड़े दल के रूप में भाजपा को सरकार बनाने का न्यौता

कर्नाटक के दो पूर्व मुख्यमंत्री एसआर बोम्मई बनाम केंद्र सरकार का एक अहम मामला कर्नाटक के संदर्भ में एक नजीर बन सकता है। बोम्मई केस में कोर्ट आदेश दे चुका है कि बहुमत का फैसला राजनिवास में नहीं बल्कि विधानसभा के पटल पर होगा। आमतौर पर राज्यपाल इस निर्देश का पालन करते हुए सबसे बड़े दल को सरकार बनाने का न्यौता देते आए हैं। अगर ऐसा ही हुआ तो भाजपा को सरकार बनाने का न्यौता मिलेगा।

राज्यपाल चाहें तो कांग्रेस-जेडीएस को भी मिल सकता है मौका

कर्नाटक की दूसरी तस्वीर देखने पर भाजपा को अकेले बहुमत नहीं मिला है। ऐसे में राज्यपाल चाहें तो चुनाव बाद बने नए गठबंधन को सरकार बनाने का मौका दे सकते हैं। हाल में गोवा, मेघालय और मणिपुर विधानसभा चुनाव में ऐसा हो चुका है, जब सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद कांग्रेस की बजाय चुनाव बाद बने गठबंधन को सरकार बनाने के न्यौता मिला था।



भाजपा भी तैयारी में जुटी

कांग्रेस ने संघीय ढांचे पर किया घात, मूलभूत अधिष्ठान को पहुंचाई चोट : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि देश पर वर्षों तक राज करने वाली पार्टी केवल चुनाव जीतने के लिए भारत के संघीय ढांचे पर कुठाराघात करने और देश के मूलभूत अधिष्ठान पर चोट पहुंचाने का काम किया है। मोदी ने यहां भाजपा मुख्यालय में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा की सफलता के उत्सव के लिए जुटे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनाव में कोई सोच नहीं सकता है कि आजादी के बाद जो दल केन्द्रवर्ती राजनीति में रहा है और इतने वर्षों तक देश की सत्ता में है, उसने सिर्फ और सिर्फ चुनावी राजनीति के लिए अपने स्वार्थ के लिए भारत के संविधान, संघीय ढांचे और संघीय भावना को चोट पहुंचाने का कुत्य किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर को दक्षिण से लड़वाने और केन्द्र एवं राज्य में तनाव पैदा करने की बातें की गईं। उन्होंने कहा कि चुनाव आएंगे जाएंगे। जीत हार लगी रहती है लेकिन देश के मूलभूत अधिष्ठानों पर घात होना बहुत चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव ने उनके मन को बहुत प्रभावित किया है। उन्हें पार्टी के संगठन में काम करते हुए और बाद में चुनाव प्रचार में देश के कोने-कोने में जाने का मौका मिला लेकिन मन पर एक बोझ रहता था कि उन्हें उस क्षेत्र की भाषा नहीं आती है।

एसीबी में 11 एएसपी का पदस्थापन

जयपुर।

गृह विभाग की ओर से मंगलवार को एक आदेश जारी कर नौ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों के पदस्थापन व दो के तबादले आदेश आदेश जारी किए हैं। संयुक्त शासन उप सचिव पुलिस कालूराम ने बताया कि एएसपी पूरण सिंह भाटी को एसीबी जोधपुर, आलोक चन्द्र शर्मा को जयपुर, सवाई सिंह को बाड़मेर, गणेशनाथ सिद्ध को हनुमानगढ़, सौभाग्य सिंह को भीलवाड़ा, मदन दान सिंह को अजमेर, देशराज सिंह को जयपुर, गोपाल सिंह भाटी को जोधपुर और प्रेमराज शेखावत को एसीबी कोटा लगाया है। इसके अलावा एएसपी सहीराम को करौली से जोधपुर और पृथ्वीराज को सीकर से जयपुर लगाया है।

एच.जी. इन्फ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड
सीआईएन : L45201RJ2003PLC018045
मंडी, कार्यालय : 14, पंचवटी कॉलोनी, रामगंजमंडी, कोटा, राजस्थान-342001
फोन नंबर : 0291 2000307 वेबसाइट : www.hginfra.com, ई-मेल : cs@hginfra.com

सूचना

एतद्वारा सेबी (सूचीकरण अनिवार्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 तथा अन्य लागू विनियम के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बुधवार, 23 मई, 2018 को अपु. 3.00 बजे कम्पनी के कार्यालय : तृतीय तल, सीतल मोहर प्लाजा, ए-1, सितल मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001, राजस्थान में आयोजित की जाएगी, जिसमें 31 मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही/वर्ष हेतु कम्पनी के लेखापरीक्षित एकल और समेकित वित्तीय परिणाम और सम्पादित की अनुशंसा के अन्य मामले विचारित और अनुमोदित किए जाएंगे।

यह सूचना कम्पनी की वेबसाइट नामत: www.hgjnfra.com के "निवेशक अनुभाग" के अंतर्गत पर तथा बीएसई लिमिटेड और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

सादर एच.जी. इन्फ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड
हस्ता/-
स्थान : जयपुर — अंकित मेहता
तिथि : 15 मई, 2018 — कम्पनी सेक्रेटरी

H.G. INFRA ENGINEERING LIMITED

CIN: L45201RJ2003PLC018049
Regd. Office : 14, Panchwati Colony, Ratanada, Jodhpur, Rajasthan 342001
Ph. No. : 0291 2000307 Website: www.hginfra.com, Email: cs@hginfra.com

NOTICE

Notice is hereby given in pursuant of the Regulation 29 read with Regulation 47 and other applicable regulation of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirement) Regulations, 2015, the Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Wednesday, 23rd May, 2018 at 3.00 P.M. at Corporate office: III Floor, Sheel Mohar Plaza, A-1, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur-302001, Rajasthan inter alia to consider and approve Standalone and Consolidated Audited Financial Results for the Quarter/Year ended 31st March, 2018, and any other matter with the permission of the Chair.

This information is available under the "Investor section" of the company's website i.e. www.hginfra.com and also available on the websites of BSE Ltd. and National Stock Exchange of India Ltd.

For H.G. Infra Engineering Limited
Sd/-
Ankita Mehra
Company Secretary

Place : Jaipur
Date : 15th May, 2018

BAMBINO AGRO INDUSTRIES LIMITED

CIN No: L15440TG1983PLC004363; 4E, Surya Towers, S. P. Road, Secunderabad-500 003.
Ph No: 040-44363322; Fax No: 040-27816615; Email id: cs@bambinoagro.com

NOTICE

NOTICE is hereby given pursuant to Regulation 29 of SEBI(LODR) Regulations 2015 that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on **Wednesday, the 30th of May 2018** to, inter alia consider and take on record the **Audited Financial results for year ended 31 March 2018** and to recommend dividend, if any.

For BAMBINO AGRO INDUSTRIES LTD
M. KISHAN RAO
Chairman and Managing Director
DIN No:02425967

Place : Secunerabad
Dated: 15-05-2018

Bank of India

Relationship beyond banking

Head Office : Star House, C-5, G-Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai - 400 051.

NOTICE

Pursuant to provisions of SEBI (Listing Regulations), 2015 Notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Bank will be held on Monday, May 28, 2018 inter-alia, to consider and approve Audited Financial Results of the Bank for the quarter and year ended March 31, 2018 and other matters as per regulations 29 (1) (e) of the SEBI Listing Regulations, if any. This intimation is also available on the websites of National Stock Exchange (www.nseindia.com) and BSE Ltd. (www.bseindia.com).

Place : Mumbai
Date : 15.05.2018

K. V. Raghavendra
General Manager & CFO

SWARNSARITA GEMS LIMITED

CIN NO.: L36911MH1992PLC068283
Registered Office.: 17/19, Ground Floor, Dhanji Street, Mumbai – 400003.
Tel No.: 022-40047000 Website: www.swarnsarita.com
Fax No.: 022-43590010 Email: info@swarnsarita.com

NOTICE is hereby given that pursuant to Regulation 47 read with Regulation 33/Regulation 29 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015 that the Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Tuesday, **29th May, 2018,** at 3.30 P.M at the Registered Office of the Company at Mumbai, inter alia, to consider and take on record the Standalone and Consolidated Audited Financial Results of the Company for the Quarter and Financial year ended March 31, 2018.

This intimation is also available on Company's Website www.swarnsarita.com and also on BSE website www.bseindia.com.

By Order of the Board
For Swarnsarita Gems Ltd
Mahendra M. Chordia
Managing Director
DIN No.: 00175686

Date: 15.05.2018
Place: Mumbai